icmr INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH | NIRTH NATIONAL INSTITUTE OF RESEARCH IN TRIBAL HEALTH

आईसीएमआर–राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार
कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

ICMR - National Institute of Research in Tribal Health
Department of Health Research, Ministry of Health
and Family Welfare, Government of India

सं. राजस्वाअसं/हिंदी-पखवाड़ा/ 989 /2020 दिनांक 21.08.2020 21 AUG 2020

# परिपत्र

सरकार की राजभाषा नीति प्रेरणा, प्रोत्साहन एवं सद्भावना पर आधारित है। भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार, सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए उत्साहवर्धक वातावरण सृजित करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष हिंदी-दिवस/पखवाड़ा मनाया जाता है और इसके अंतर्गत सरकारी कर्मचारियों के प्रोत्साहन के लिए अनेक हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी संस्थान में दिनांक 07-09-2020 से 21-09-2020 तक "हिंदी-पखवाड़ा" मनाया जाएगा। निदेशक महोदय द्वारा सभी से अपील की जाती है कि इस दौरान अपना सरकारी कामकाज यथासंभव अधिकाधिक हिंदी में निष्पादित करें।

राजभाषा विभाग द्वारा इस संबंध में जारी दिशानिर्देशों के अनुपालन में, कोविड-19 के कारण इस वर्ष हिंदी की केवल दो प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

1. **हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता :** (प्रस्तावित दिनांक- 10.9.2020 अपराह्न 3 बजे)
   विषय - **' जनजाति समुदायों की पारंपरिक चिकित्सा-उपचार प्रणाली प्रभावी है। '**
   इस प्रतियोगिता के प्रतिभागी को दिए गए विषय के पक्ष या विपक्ष में बोलना होगा।

2. **हिंदी कविता-पाठ प्रतियोगिता** (प्रस्तावित दिनांक- हिंदी-दिवस 14.9.2020 अपराह्न 3 बजे)
   इसके अंतर्गत स्वरचित एवं किसी अन्य कवि की कविताओं को प्रस्तुत कर सकते हैं, स्वरचित कविता के लिए 5 अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे।

**नोट :**
1. ये दोनों प्रतियोगिताएं केवल नियमित स्टाफ को एक समूह (वैज्ञानिकों, अधिकारियों व कर्मचारियों को शामिल करते हुए) में आयोजित की जाएगी और प्रत्येक प्रतियोगी को अधिकतम 10 मिनट का समय दिया जाएगा।
2. ये प्रतियोगिताएं निदेशक कार्यालय स्थित "बोर्ड-रूम" में करने की अनुमति प्राप्त हुई है। आयोजन दिनांक, समय व स्थान में परिवर्तन होने पर यथासमय प्रतिभागियों को सूचित किया जाएगा।
3. प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए न्यूनतम 5 (पांच) प्रतियोगी होना अनिवार्य है, इससे कम प्रविष्टियां प्राप्त होने पर वह प्रतियोगिता निरस्त कर दी जाएगी।
4. इन प्रतियोगिताओं को ऑनलाइन प्रसारित किया जाएगा, अर्थात् प्रतियोगी निर्णायक -मंडल के समक्ष अपनी प्रस्तुति देंगे और समस्त स्टाफ को एक लिंक दी जाएगी, जिसके द्वारा वे अपने कार्यस्थल से इन्हें ऑनलाइन देख सकेंगे।

**नकद पुरस्कार :** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रत्येक प्रतियोगिता में 5 नकद पुरस्कार होंगे -

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | - ₹ 5000/- |
| द्वितीय पुरस्कार | - ₹ 3000/- |
| तृतीय पुरस्कार | - ₹ 2000/- |
| सांत्वना पुरस्कार (दो) | - ₹ 1000/- (प्रत्येक) |

अतः संस्थान के इच्छुक वैज्ञानिक, अधिकारी एवं कर्मचारी इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए इस परिपत्र के साथ संलग्न आवेदन प्रारूप में या सादे कागज़ पर प्रतियोगिता आयोजन से एक दिन पूर्व तक, यानी हिंदी वाद-विवाद के लिए 09.09.2020 तक और हिंदी कविता-पाठ के लिए 11.09.2020 तक अपने प्रभारी अधिकारी से अग्रसारित कराकर आवेदन हिंदी-कक्ष (स्थापना अनुभाग) में दे सकते हैं। इसके बाद निदेशक महोदय की विशेष अनुमति लेना आवश्यक होगी।

यह परिपत्र निदेशक महोदय के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(ज्ञान चंद जैन)
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी
कृते निदेशक

संस्थान के सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सूचनार्थ

प्रतिलिपि :
1. निदेशक कार्यालय - सूचनार्थ
2. समस्त सूचना-पटल (भू-तल/केंद्रीय पुस्तकालय/केंद्रीय प्राणी सुविधा)
3. इलेक्ट्रॉनिक प्रदर्शन-पटल
4. डॉ. अरविंद वर्मा, प्रधान तकनीकी अधिकारी - कृपया संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु। 1/9/20.
5. श्री जगदीश प्रसाद ठाकुर, तकनीशियन-2 : हिंदी-पखवाड़ा-2020 के बैनर बनवाने व लगवाने हेतु।

एनआईआरटीएच कॉम्प्लेक्स, नागपुर मार्ग, पो.ऑ. गढ़ा, जबलपुर, मध्यप्रदेश– 482003, भारत
NIRTH Complex, Nagpur Road, P.O. Garha, Jabalpur, Madhya Pradesh – 482 003, India
Tel: +91-761-2370800
Fax: +91-761-2672835
www.nirth.res.in

विश्व स्वास्थ्य संगठन
जनजाति स्वास्थ्य के लिए सहयोगी केंद्र

World Health Organization
Collaborating Centre for the Health of
Indigenous Populations